उत्तर प्रदेश में पाकिस्तानी पासपोर्ट धारी पाकिस्तानी राष्ट्रिक

7906. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में पाकिस्तानी पासपोर्ट धारी पाकिस्तानी राष्ट्रिकों की, जिलेवार, संख्या कितनी है; और

(ख) इन में से ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिनके वीसा की अवधि गत छः महीनों के दौरान बढ़ाई गई है ?

गृह मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एफ०एच० मोहसिन) : (क) और (ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी ।

गुजरात की रुग्ण कपड़ा मिलों में नियंत्रक की नियुक्ति

7907. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात मे इस समय कितनी तथा कौन-कौन सी रुग्ण कपड़ा मिलें है जहां सरकार ने नियंत्रक नियुक्त किये हैं; और

(ख) वर्ष 1973-74 के दौरान उक्त मिलों द्वारा अर्जित लाभ-हानि का ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० बी० राणा): (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रखा है । [ग्रन्थालय में रखा गया देखिये संख्या LT 6813/74]

इंदौर डिवीजन के लिए टेलीफोन सलाहकार बोर्ड

7908. श्री गंगा चरण दीक्षित: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के इन्दौर डिवीजन के जिलों के लिए टेलीफोन सलाहकार बोर्डों का गठन किया गया है, और यदि हां, तो पिछली बार ये कब गठित किए गए थे और बोर्डों के वर्तमान सदस्यों के नाम क्या हैं ;

(ख) क्या उनको इन्दौर डिवीजन की टेलीफोन व्यवस्था के कार्यकरण के बारे में की गई शिकायतों की जानकारी है; और

(ग) क्या उक्त बोर्डों के पुनर्गठन का प्रस्ताव है, और यदि हां, तो कब और टेलीफोन प्रयोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय किए गए हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह): (क) से (ग). जी हां इंदौर मे एक टेलीफोन सलाहकार समिति गठित कर दी गई है । यह समिति नवम्बर, 1972 में गठित की गई थी और इसका वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने पर नवम्बर 1974 में इसके पुनर्गठित किए जाने की संभावना है । समिति के सदस्यों के नामों की एक सूची संलग्न है ।

पिछले वर्ष की तुलना में इंदौर टेलीफोन प्रणाली के कार्यकरण मे सुधार हुआ है । टेलीफोन संबंधी शिकायतों में 12 प्रतिशत और खराबियों में 5 प्रतिशत की कमी हुई है ।